डॉ॰ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांकः COE/1666 /2020

दिनांकः 24/09 /2020

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय,
आगरा।

महोदय/महोदया,

दिनांक 23.09.2020 को सम्पन्न परीक्षा समिति की बैठक में विचार–विमर्श एवं मा0 कुलपति जी के निर्देशानुसार सत्र 2020–21 से बी0ए0 तृतीय एवं बी0एससी0 तृतीय वर्ष के समस्त छात्रों के लिये दो के स्थान पर तीन मुख्य विषय चुनने की व्यवस्था की गई है। आगामी विद्या–परिषद् एवं कार्य–परिषद् के अनुमोदन की प्रत्याशा में उक्त व्यवस्था के तहत प्रवेश के समय छात्रों को सूचित कर तीन मुख्य विषय आवंटित करते हुये शिक्षण कार्य सुनिश्चित किया जाये।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को सूचना पट पर चस्पा करवा दें साथ ही छात्रों को भी अवगत करा दें।
2. वित्त अधिकारी महोदय।
3. प्रभारी, कुलपति सचिवालय, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. सहायक कुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय/लेखा।
5. अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय।
6. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र आगरा एवं अलीगढ़ मण्डल को इस अनुरोध के साथ कि कृपया उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए, छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
7. एजेन्सी 2015–20 को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को आज ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं कालेज लॉगइन आई0डी0 पर अपलोड करें।
8. गार्ड फाइल।

24/09/2020

परीक्षा नियंत्रक

typd/at/24-09-2020